'उन्नत भारत अभियान' (UBA)

उन्नत भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक

महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंगापुर, वाराणसी के 'उन्नत भारत अभियान' (UBA) प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज दिनांक14 जून 2026 दिन रविवार को *'संडे ऑन साइकिल'* कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अनूठे अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और युवाओं के बीच शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक आरोग्यता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

अभियान की शुरुआत भीमचण्डी ग्राम सभा के ग्राम प्रधान विजय कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के माननीय प्राचार्य प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान के समन्वयक प्रोफेसर आलोक कुमार कश्यप, महाविद्यालय के शिक्षकगण और भारी संख्या में शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं अपनी साइकिलों के साथ उपस्थित रहे। जिनमे प्रमुख रूप से प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टर अखिलानंद सिंह, ओंकार नाथ, शिव शंकर सरोज, डॉक्टर अभय कुमार शर्मा, डॉक्टर भूपेंद्र कुमार यादव, डॉक्टर नीलम सिंह, डॉक्टर ममता देवी, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अशोक कुमार, विनय कुमार श्रीवास्तव, विजय बहादुर शर्मा, शिवम सिंह, प्रतिक्षा मिश्रा, सोनम सिंह, सोनल मिश्रा, जयंत गुप्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा कोमल विश्वकर्मा इत्यादि का सहयोग रहा।

उन्नत भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

वाराणसी

महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महा-विद्यालय, गंगापुर, वाराणसी के 'उन्नत भारत अभियान' (वइअ) प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज रविवार को *'संडे ऑन साइकिल'* कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस अनूठे अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और युवाओं के बीच शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक आरोग्यता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। अभियान की शुरूआत भीमचण्डी ग्राम सभा के ग्राम प्रधान विजय कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के माननीय प्राचार्य प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान के समन्वयक, शिक्षकगण और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं अपनी साइकिलों के साथ उपस्थित रहे। दिन में प्रमुख रूप से प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टरअखिलानंद सिंह, ओंकार नाथ, शिव शंकर सरोज, डॉक्टर अभय कुमार शर्मा, डॉक्टर भूपेंद्र कुमार यादव, डॉक्टर नीलम सिंह, डॉक्टर ममता देवी, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अशोक कुमार, विनय कुमार श्रीवास्तव, विजय बहादुर शर्मा, शिवम सिंह, प्रतिक्षा मिश्रा, सोनम सिंह, सोनम मिश्रा, जयंत गुप्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा कोमल विश्वकर्मा इत्यादि का सहयोग रहा।

गंगा श्री प्रतियोग

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

वाराणसी।

सरस्वती स्वीमिंग एसोसिएशन, दरभंगा घाट द्वारा आयोजित 90वीं वार्षिक तैराकी प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ शनिवार को हुआ।

विश्व सुंदरी पुल से दरभंगा घाट तक आयोजित लगभग 12 किलोमीटर लंबी प्रतिष्ठित गंगा श्री तैराकी प्रतियोगिता में विश्वनाथ यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गंगा श्री उपाधि हासिल की। सत्यम साहनी दूसरे तथा लाल चंद्र साहनी तीसरे स्थान पर रहे।

महिला ओपन रेस में रिया पटेल प्रथम, श्वेता साहनी द्वितीय और गायत्री तृतीय स्थान पर रहीं।

भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज ऐप
इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

फिट इंडिया साइक्लिंग ड्राइव से दिया नशामुक्ति व स्वस्थ जीवन का संदेश

गंगापुर (वाराणसी)। महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंगापुर में उन्नत भारत अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में "नशा मुक्ति तथा फिट एवं स्वस्थ जीवन" विषय पर फिट इंडिया साइक्लिंग ड्राइव का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज का संदेश दिया।

प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। उन्नत भारत अभियान के समन्वयक प्रो. आलोक कुमार कश्यप एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम, साइक्लिंग तथा नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर वाराणसी सिटी 15-06-2026

साइकिल चलाकर दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

वाराणसी | गंगापुर स्थित महाराज बलवंतसिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के उन्नत भारत अभियान (यूबीए) प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों और युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक आरोग्यता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ भीमचण्डी ग्राम सभा के ग्राम प्रधान विजय कुमार गुप्ता और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने साइकिल रैली निकालकर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यूबीए समन्वयक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक शामिल हुए।